"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 39] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 28 सितम्बर 2012—आश्विन 6, शक 1934

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 सितम्बर 2012

क्रमांक ई-01-02/2012/एक/2.—श्री अवनीश कुमार शरण, भा.प्र.से. (2009), आयुक्त, नगर निगम, बिलासपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अरपा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनिल कुमार, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—201

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 7 अगस्त 2012

संशोधन आदेश

क्रमांक एफ 3-46/2011/गृह-दो.—इस विभाग का समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 26-04-2011 के द्वारा थाना बोरी, जिला दुर्ग को ग्राम पंचायत लिटिया, ग्राम-सेमरिया, जिला दुर्ग में स्थापित किये जाने की स्वीकृति दी गई थी. अब राज्य शासन एतद्द्वारा उक्त स्वीकृति को निरस्त करते हुए पुनः ग्राम-बोरी मूल स्थान पर स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान करता है.

2. यह स्वीकृति वित्त विभाग के यू.ओ. क्रमांक 364/1002378/ब-1/चार/2012, दिनांक 29-08-2012 के द्वारा दी गई सहमति के आधार पर जारी की गई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. डी. पुरबिया, अवर सचिव.

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 6 सितम्बर 2012

क्रमांक एफ 1-328/पं.ग्रा.वि.वि./22/2011.—त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं की गतिविधियों एवं दायित्वों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा "पंचायत राज संचालनालय" का गठन करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. सिंह, संयुक्त सचिव.

संस्कृति विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 11 सितम्बर 2012

क्रमांक 1106/948/30/सं./2012.—राज्य शासन एतद्द्वारा शहीद स्मारक भवन के विकास के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति हेतु निम्नानुसार समिति का गठन करता है :—

1.	माननीय संस्कृति मंत्री जी, छत्तीसगढ़ शासन	अध्यक्ष
2.	पद्मश्री डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डे, (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी)	सदस्य
3.	माननीय श्री केयूर भूषण (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी)	सदस्य
4.	माननीय श्री रामअधार तिवारी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) इन्द्रप्रस्थ कालोनी, रायपुरा, रायपुर	सदस्य
5.	पद्मश्री डॉ. ए. टी. दाबके, जी.ई. रोड, रायपुर	सदस्य
6.	कलेक्टर, रायपुर	सदस्य
7.	आयुक्त, नगर निगम, रायपुर	सदस्य
8.	उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति विभाग	सदस्य
9.	संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर	सदस्य सचिव

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. जी. श्रीवास्तव, उप-सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 7 सितम्बर 2012

क्रमांक एफ 10-18/2012/16.—"भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन), अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा "छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल" के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

(अ) **योजना का प्रावधान :—**

(i) योजना का नाम "मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर, कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना".

(ii) योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य से संबंधित ट्रेड का प्रशिक्षण यथा राजमिस्त्री, प्लंबर, पेंटर, पीओपी, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डिंग, एसी रेफ्रिजरेशन, कारपेन्टर इत्यादि तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर, मोबाईल रिपेयरिंग, ब्यूटीशियन, ड्राईविंग, आटोमोबाईल, सुरक्षा गार्ड एवं समय-समय पर राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा चिन्हांकित व्यवसाय हेतु मण्डल द्वारा पंजीकृत हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जावेगा.

(iii) योजना के प्रावधान अनुरूप प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं छत्तीसगढ़ स्टेट स्किल डेव्हलपमेंट मिशन द्वारा अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण की कार्यवाही की जावेगी. (पूर्व में श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ 10-33/2010/16, दिनांक 29-11-2010 द्वारा अधिसूचित मुख्यमंत्री राजमिस्त्री प्रशिक्षण योजना को भी इस योजना में शामिल किया जाता है.)

(iv) योजना का स्वरूप

(अ) पंजीकृत निर्माण मजदूर के कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण.

(ब) पंजीकृत निर्माण मजदूरों जिस ट्रेड में कार्य करते हैं, उसका प्रमाण पत्र प्रदाय करना. (Direct Certification)

(स) पंजीकृत निर्माण मजदूर के परिवार के सदस्यों को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित करना. (परिवार से तात्पर्य पंजीकृत श्रमिक के पत्नि/पति एवं बच्चे)

(द) ट्रेड वाईज आवश्यकतानुसार अंग्रेजी का प्रशिक्षण आवश्यक होगा.

(v) योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

(ब) **योजना हेतु पात्रता :—**

(i) योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्माण श्रमिकों का मण्डल में पंजीयन होना आवश्यक होगा.

(ii) यदि कोई व्यक्ति राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(iii) योजना हेतु आयु सीमा 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिये.

(स) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

(i) आवेदक को स्वयं के हस्ताक्षर से आवेदन करना होगा.

(ii) निर्माण मजदूर के परिवार के सदस्य की स्थिति में सदस्य एवं पंजीकृत श्रमिक दोनों के हस्ताक्षर होंगे.

(iii) आवेदन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

(iv) आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी कार्यालय में जमा किया जाना होगा.

(द) **योजना हेतु व्यय :—**

(i) प्रशिक्षण के दौरान पंजीकृत श्रमिकों को छात्रवृत्ति (जो उपस्थिति के आधार पर अकुशल श्रमिक को देय न्यूनतम वेतन के बराबर होगा.) एवं प्रशिक्षण पर होने वाला व्यय मण्डल द्वारा वहन किया जावेगा. यह लाभ पंजीकृत श्रमिकों को देय होगा, न कि परिवार के सदस्यों को.

प्रशिक्षण के विभिन्न मदों पर होने वाले व्यय का दर मण्डल द्वारा निर्धारित किया जावेगा. भविष्य में केन्द्र अथवा राज्य शासन द्वारा प्रशिक्षण योजना हेतु अनुदान प्रदाय किया जाता है, तो उसका समायोजन किया जावेगा.

(ई) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) योजना के अंतर्गत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को होगा.

(फ) **विसंगति का निराकरण :—**

(i) योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का इस संबंध में निर्णय अंतिम माना जावेगा.

रायपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2012

क्रमांक एफ 10-13/2012/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

(अ) **योजना का प्रावधान :—**

(i) योजना का नाम "असंगठित कर्मकार समाचार पत्र हॉकर, सायकल सहायता योजना 2012" होगा.

(ii) योजना के अंतर्गत प्रदेश के पंजीकृत असंगठित समाचार-पत्र बांटने वाले (हॉकर) कर्मकार को सायकल प्रदाय किया जावेगा.

(iii) योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

(ब) **योजना हेतु पात्रता :—**

(i) यह योजना असंगठित कर्मकार समाचार-पत्र बांटने वाले जो प्रदेश के किसी भी जिले में पंजीकृत हो, को समाचार-पत्र बांटने के लिए प्रदाय किया जावेगा.

(ii) योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(स) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

(i) आवेदक के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

(ii) आवेदन में पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

(iii) आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के जिला कलेक्टर द्वारा अधिकृत किये गये अधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) योजना के अंतर्गत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के कलेक्टर, सहायक श्रम आयुक्त अथवा श्रम पदाधिकारी एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त एक अन्य अधिकारी की समिति को होगा.

(ई) **विसंगति का निराकरण :—**

(i) योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती हैं, उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल का इस संबंध में निर्णय अंतिम माना जावेगा.

रायपुर, दिनांक 14 सितम्बर 2012

क्रमांक एफ 11-8/2012/16.—"भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्त विनियमन), अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा-शर्तों का विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा "छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल" के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

(अ) **योजना का प्रावधान :—**

(i) योजना का नाम "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक स्वावलंबन पेंशन योजना" होगा.

(ii) यह योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु पेंशन योजना है, जिसका लाभ 18 से 55 वर्ष तक जमा रकम से मिलने वाली पेंशन के रूप में होगा. यदि किसी पंजीकृत निर्माण श्रमिक की मृत्यु पेंशन प्रारंभ होने से पहले हो जाती है तो उसके द्वारा नामित व्यक्ति को फंड की संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया जायेगा. यदि नामित व्यक्ति चाहे तो वह पेंशन भी ले सकता है.

(iii) योजना में हितग्राही का न्यूनतम अंशदान रु. 200/- है. हितग्राही किसी भी समयावधि से अपना अंशदान जमा कर सकता है. हितग्राही अपने अंशदान की राशि को अपनी बचत के अनुसार बढ़ा सकता है.

(iv) "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक स्वावलंबन पेंशन योजना" पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के लिए तीन स्तर में प्रभावशील की जावेगी—

— प्रथम चरण में वर्ष 2012-13 में 50 वर्ष या उससे अधिक आयु के लिए,
— द्वितीय चरण में वर्ष 2013-14 में 35 वर्ष या उससे अधिक आयु के लिए,
— तृतीय चरण में वर्ष 2014-15 से आगे तक 18 वर्ष से 55 वर्ष के समस्त हितग्राहियों के लिये,.

(v) "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक स्वावलंबन पेंशन योजना" के तहत् प्रतिवर्ष रुपये 1,000/- पीएफआरडीए द्वारा केन्द्रांश राशि के रूप में जमा किया जावेगा एवं प्रतिवर्ष हितग्राही के लिए न्यूनतम अंशदान रुपये 1,000/- में से रुपये 800/- मण्डल द्वारा प्रदाय किया जावेगा एवं रुपये 200/- हितग्राही से संकलित किया जावेगा.

(vi) "मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक स्वावलंबन पेंशन योजना" के प्रावधान के अनुसार 50 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाला हितग्राही जमा राशि का 60 प्रतिशत एकमुश्त प्राप्त कर सकता है एवं बकाया 40 प्रतिशत पेंशन के रूप में अदायगी होगी. 50 वर्ष की आयु से पूर्व भी पंजीकृत निर्माण श्रमिक योजना से पेंशन ले सकता है. उस स्थिति में 80 प्रतिशत राशि का प्रयोग पेंशन देने के रूप में किया जायेगा, बशर्ते पेंशन राशि न्यूनतम रुपये 1,000/- प्रतिमाह हो.

(vii) योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

(ब) **योजना हेतु पात्रता :—**

(i) योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु निर्माण श्रमिकों का मण्डल में पंजीयन होना आवश्यक होगा.

(ii) छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा उपरोक्त अ (vi) में दर्शाये अनुसार तीन चरणों में यह योजना लागू की जायेगी.

(iii) यदि कोई व्यक्ति राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

(स) **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

(i) आवेदक को स्वयं के हस्ताक्षर से आवेदन करना होगा.

(ii) दो रंगीन फोटो (पासपोर्ट साईज) फोटो पहचान पत्र, निवास तथा आयु प्रमाण पत्र.

(iii) आवेदन में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

(iv) आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी कार्यालय में जमा किया जाना होगा.

(द) **स्वीकृति का अधिकार :—**

(i) योजना के अंतर्गत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी/सहायक श्रम पदाधिकारी को होगा.

(ई) **योजना का क्रियान्वयन :—**

(i) योजना का क्रियान्वयन हेतु छ.ग. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा चयनित एग्रीगेटर के माध्यम से किया जावेगा.

(फ) **विसंगति का निराकरण :—**

(i) योजना में उल्लेखित शर्तों/नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल का इस संबंध में निर्णय अंतिम माना जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. आर. मालवीय, उप-सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 अगस्त 2012

क्रमांक एफ 1-19/2009/11/6.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, वाष्पयंत्र निरीक्षकालय तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा में भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ.**— (1) ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य वाष्पयंत्र निरीक्षकालय तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा भर्ती नियम, 2011 कहलाएंगे।

   (2) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**— इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

   (क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है; उद्योग संचालक या कोई अधिकारी, जो उसके अधीन हो तथा जिसे सेवा या पद पर नियुक्ति की शक्तियां प्रत्यायोजित की जा चुकी हो या शासन द्वारा तत्पश्चात् प्रत्यायोजित की जाएं।

   (ख) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम 11 के अधीन सेवा में भर्ती के लिए ली गई परीक्षा;

   (ग) "शासन" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

   (घ) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल;

   (ङ) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, इन नियमों केअधीन भर्ती या पदोन्नति हेतु नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति;

   (च) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य;

   (छ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

   (ज) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य वाष्पयंत्र निरीक्षकालय तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा;

   (झ) "लिपिक वर्गीय" से अभिप्रेत है, वह संवर्ग जिसमें कर्तव्य पूर्णत: लिपिकीय एवं गैर कार्यपालक प्रकृति का है;

   (ञ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जाति;

   (ट) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन इस राज्य के संबंध में यथा विनिर्दिष्ट अनुसूचित जनजाति;

   (ठ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक एफ-8-5-पच्चीस-4-84 दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा संशोधित नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

   (ड) "संचालक" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ के उद्योग संचालक;

   (ढ) "मुख्य निरीक्षक" से अभिप्रेत है, मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़;

   (ण) "निरीक्षकालय" से अभिप्रेत है, वाष्पयंत्र निरीक्षकालय, छत्तीसगढ़;

   (त) "स्थानीय निवासी" से अभिप्रेत है, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**— छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में दिए गए उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**— सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात —
(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से या स्थानापन्न रूप से धारण कर रहें हों;
(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों;
(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबन्धों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि.**— सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार होगी:
परन्तु, सरकार समय–समय पर सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या एवं वेतनमान में स्थायी या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी।

6. **भर्ती का तरीका.**— (1) इन नियमों के प्रवृत्त होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जायेगी, अर्थात् :—
(क) चयन / प्रतियोगिता परीक्षा, के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा;
(ख) अनुसूची–चार के कॉलम 2 में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;
(ग) उन व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद मूल रूप से/स्थानापन्न रूप से धारण करते हों, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में विनिर्दिष्ट किया जाये।
(2) उप–नियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किये गये व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में यथा विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची–दो में दर्शये गये प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी।
(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी भी ऐसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को जिसे या जिन्हें भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरे जाने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके और ऐसे प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से अवधारित की जायेगी।
(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो नियुक्ति प्राधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट सेवा में भर्ती के लिए उन तरीकों से भिन्न ऐसे तरीके अपना सकेगा, जिसे वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करे।
(5) सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों के लिए मेरिट के आधार पर चयन के लिए शासन द्वारा मापदंड निर्धारित किये जा सकेंगे। तथापि, विभागाध्यक्ष द्वारा इस हेतु एक चयन समिति गठित की जानी चाहिए, जो इन मापदंडों से अन्यथा युक्तिसंगत मापदंड शासन की सहमति से अपना सकेगी।
(6) भर्ती के समय, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्र. 21 सन् 1994) तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देश भी लागू होंगे।

7. **सेवा में नियुक्ति.**— इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में सभी नियुक्तियॉ नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी और ऐसीं कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक के द्वारा चयन करने के पश्चात ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. **सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्तें.**— परीक्षा/चयन में स्पर्धा के लिए पात्र होने के लिए, अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी, अर्थात–

(एक) आयु– (क) उसने परीक्षा/चयन के प्रारंभ होने की तारीख के ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिवस को अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूर्ण कर ली हो, तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो,

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों का हो, तो उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 (पाँच) वर्षों तक शिथिलनील होगी।

(ग) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 10 (दस) वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हैं, या रह चुके हैं, उनकी उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई शर्तों के अध्यधीन बढ़ायी जा सकेगी:–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी अथवा अस्थायी शासकीय सेवक है, 38 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए;

(दो) ऐसे अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहे हैं, जिसमें कार्यभारित कर्मचारी, आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति में नियोजित व्यक्ति भी सम्मिलित हैं, जो किसी अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, की आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(तीन) ऐसा अभ्यर्थी, जो छटनी किया गया शासकीय सेवक है, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गयी संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 (सात) वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गयी सेवाओं के कारण हो,कम करने के लिए अनुज्ञात किया जायेगा बशर्ते इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण – शब्द "छंटनी किये गये शासकीय सेवक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो इस राज्य अथवा किन्हीं भी संघटक इकाईयों की अस्थायी शासकीय सेवा में कम से कम छः मास तक निरंतर रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अथवा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवा मुक्त किया गया हो।

(ड़) ऐसे अभ्यर्थी को, जो "भूतपूर्व सैनिक" हैं, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतर आयु–सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण – शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः मास की अवधि तक नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक 3 वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप छटनी की गयी हो अथवा जो अतिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया हो :–

(एक) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें समयपूर्व सेवानिवृत्त रियायतों (मस्टरिंग आऊट कन्सेशन) के अधीन सेवा से मुक्त कर दिया गया हो,

(दो) ऐसे भूतवूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो, और जिन्हें :–

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण हो जाने पर,

(ख) नामांकन संबंधी शर्तें पूर्ण हो जाने पर, सेवा मुक्त कर दिया गया हो।

(तीन) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कार्मिक,

(चार) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित हैं, जो उनकी संविदा पूर्ण होने पर सेवोन्मुक्त किये गये हों,

(पॉच) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के बाद सेवोन्मुक्त किया गया हो,

(छः) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो,

(सात) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया है, कि वे अब दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है,

(आठ) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(च) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीन कार्ड धारण करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 2 (दो) वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) आदिम जाति, अनुसूचित जाति, तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अधीन पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुण्डाधुर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार धारक युवा अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्षों तक शिथिलनीय होगी।

(झ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडलो के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 38 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ञ) स्वयं–सेवी, नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नान–कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में उनके द्वारा की गयी सेवा की कालावधि के लिये उच्चतर आयु–सीमा 8 (आठ) वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जाएगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आयु सीमा के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

टिप्पणी– (1) ऐसे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त खण्ड (घ) (एक) तथा खण्ड (घ) (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन हेतु पात्र पाये गये है, नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् या तो परीक्षा/चयन के पूर्व या उसके पश्चात सेवा से त्याग पत्र दे देते हैं। तथापि, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात उनकी सेवा या पद से छंटनी की गयी हो, तो वे पात्र बने रहेंगे।

टिप्पणी– (2) किसी भी अन्य मामले में आयु सीमाएँ शिथिल नहीं की जाएंगी। विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन के लिए उपसंजात होने के लिए अपने नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करनी होगी।

(ट) उच्चतर आयु सीमा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

(ठ) उपर्युक्त उल्लिखित प्रवर्गों में से किसी एक या एक से अधिक आधार पर छूट दिए जाने के उपरांत भी शासकीय सेवा के लिए पात्र होने के लिए अधिकतम आयु 45 वर्षों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(2) शैक्षणिक अर्हताएँ– अभ्यर्थी के पास ऐसी शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिए, जो अनुसूची–तीन में सेवा के लिए विहित की गई हैं।

(3) **फीस**– अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित की गई फीस का भुगतान करना होगा।

9. **निरर्हता.**– अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्हीं भी अनुचित साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने का कोई भी प्रयास, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसके परीक्षा/चयन में प्रवेश के लिए निरर्हता के रूप में माना जाएगा।

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.**– परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी ने प्रवेश प्रमाण पत्र जारी न किया हो, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

11. (1) **प्रतियोगिता परीक्षा/ चयन द्वारा सीधी भर्ती..– प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती**– नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा एक चयन समिति गठित की जायेगी, जिसमें तीन सदस्य होंगे;

(एक) सेवा में भर्ती के लिए परीक्षा ऐसे अन्तरालों से आयोजित की जायेगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय–समय पर शासन के परामर्श से अवधारित करे।

(दो) परीक्षा समय–समय पर शासन के द्वारा जारी ऐसे आदेशों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा ली जायेगी।

(2) **चयन द्वारा सीधी भर्ती**– (क) सेवा में भर्ती के लिये चयन ऐसे अंतरालों से किया जायेगा, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी अवधारित करें;

(ख) चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों का चयन उनके साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

(ग) चयन समिति, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समय–समय पर गठित की जायेगी।

(3) सीधी भर्ती के प्रक्रम पर, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अन्तर्विष्ट प्रावधानों और शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों के लिये पद आरक्षित किये जायेंगे।

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तयों को भरते समय अभ्यर्थियों, जो अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के हैं, की नियुक्ति पर विचार उसी क्रम से किया जाएगा जिस क्रम से उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आये हों चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(5) प्रशासन की दक्षता बनाये रखने का सम्यक ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किए गए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थी, यथास्थिति अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये रक्षित रिक्त सीटों पर नियुक्त किये जा सकेंगे।

(6) सीधी भर्ती के प्रक्रम पर, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के अनुसार 30 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जायेंगे।

(7) ऐसे मामलों में, जहॉ सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिये कुछ कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्त के रूप में विहित किया गया है और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाता है कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, वहॉ नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के संबंध में अनुभव की शर्त को शिथिल कर सकेगा।

(8) विकलांग अभ्यर्थियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ज़ारी निर्देशों के अनुसार पद आरक्षित होंगे।

12. **चयन समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची.**– (1) चयन समिति उन अभ्यर्थियों की योग्यता क्रम से एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों, जैसा की चयन समिति अवधारित करे, बनाएगी तथा नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उक्त स्तर के अनुसार अर्ह नहीं हैं, किन्तु फिर भी प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए, समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किये गए हैं, नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी। सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भी प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए उसी क्रम में विचार किया जाएगा जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हैं।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नही हो जाता, जब तक की नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जॉच करने के बाद, जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जाए कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**– (1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जायेगी, जिसमें अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्य होंगे:

परन्तु यदि पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदो के संबंध में पदोन्नति/चयन समिति में अध्यक्षता करने वाले नामांकित सदस्य को छोड़कर कोई अन्य सदस्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रवर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो समतुल्य रैंक के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को पदोन्नति/चयन समिति में सम्मिलित किया जाएगा और पदोन्नति/चयन समिति के सदस्यों की संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाएगी।

(2) अनुसूची–चार के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति, उसके कॉलम (3) में यथा विनिर्दिष्ट पदों पर करने के लिए, अभ्यर्थियों की पात्रता, चयन प्रक्रिया तथा पदोन्नति द्वारा नियुक्ति छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 में यथा विनिर्दिष्ट उपबंधों तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार होगी।

(3) समिति का सम्मिलन ऐसे अंतरालों पर होगा, जो साधारणः एक वर्ष से अधिक का नहीं होगा।

(4) आरक्षित रिक्तियों में पदोन्नति करने हेतु प्रक्रिया उप–नियम (2) में उल्लेखित नियमों तथा शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये निर्देशों के अनुसार होगी।

14. **पदोन्नति/स्थानांतरण के लिए पात्रता की शर्तें.**– (1) उप–नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति उन सभी व्यक्तियों के मामले पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की एक जनवरी को उन पदों पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है या शासन द्वारा उनके समतुल्य घोषित किये गये किसी अन्य पद या पदों पर उतने वर्षों की सेवा (स्थानापन्न या मौलिक रूप से) पूर्ण कर ली हो जितनी कि अनुसूची–चार के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट है और जो उप–नियम (2) के उपबधों के अनुसार विचारण के क्षेत्र में आते हो।

स्पष्टीकरण– पदोन्नति के लिये पात्रता हेतु संगणना की रीति– वर्ष, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति/छानबीन समिति आहूत की जाती है, की प्रथम जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना उस वर्ष से की जायेगी, जिसमें शासकीय सेवक क्रमशः फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आया है और संवर्ग के कार्यग्रहण/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से नहीं।

(2) पदोन्नति हेतु चयन का क्षेत्र छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के अनुसार विधिमान्य होगा।

15. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना.**– (1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो उपर्युक्त नियम 14 में विहित शर्तों को पूरी करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति/स्थानांतरण के लिए उपयुक्त समझा गया हो। यह सूची चयन सूची तैयार किये जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त होगी।

(2) पदोन्नति के लिये व्यक्तियों की चयन सूची तैयार करने के लिए मानदंड वरिष्ठता–सह –उपयुक्तता (सीनियरिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) होगी।

(3) ऐसी चयन सूची की तैयारी के समय चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों के नाम अनुसूची चार के कॉलम (2) में यथाविर्निष्ट सेवा या पदों में वरिष्ठता के क्रम से रखे जायेंगे।

स्पष्टीकरण– व्यक्ति, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जिसे सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर जिन पर पश्चात्‌वर्ती चयन में विचार किया गया है, वरिष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

16. **चयन सूची.**– (1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में दर्शाये गये पदों से उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी।

(2) जिस कैलेण्डर वर्ष में पदोन्नति के लिए चयन सूची तैयार की जाएगी, उसकी विधिमान्यता चयन सूची के अनुमोदन की तारीख से एक वर्ष तक रहेगी:

परन्तु चयन सूची में सम्मिलत किसी व्यक्ति की ओर से कर्त्तव्य के निर्वहन अथवा पालन में गंभीर चूक होने की स्थिति में शासन के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा, और यदि विभागीय पदोन्नति समिति उचित समझे, तो चयन सूची से ऐसे व्यक्ति का नाम हटा सकेगी।

17. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.**– (1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग के पदों पर नियुक्तियाँ छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार की जाएंगी।
(2) साधारणतः उस व्यक्ति की जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित हो, नियुक्ति के पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख से बीच की कालावधि में उसके कार्य में ऐसी कोई गिरावट उत्पन्न न हो जाये, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा में नियुक्ति के लिए उसे अनुपयुक्त सिद्ध करती हो।

18. **परिवीक्षा.**– सेवा में सीधी भर्ती से नियुक्त/पदोन्नत किये गये प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्षों की कालावधि के लिये परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

19. **निर्वचन.**– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्‌भूत होता है, तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

20. **शिथिलीकरण.**– इन नियमों में दी गई किसी भी बात का यह अर्थ नही लगाया जाएगा, कि वह राज्यपाल की, ऐसे व्यक्ति के मामले में, जिस पर ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से कार्यवाही करने की, जो उसे उचित और साम्यपूर्ण प्रतीत हो, शक्ति को सीमित या कम करती है:

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो।

21. **व्यावृत्ति.**— इन नियमों की कोई भी बात अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए राज्य शासन द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी किए गए आदेशों के अनुसार उपबंधित किए जाने हेतु अपेक्षित आरक्षण तथा अन्य शर्तों को प्रभावित नहीं करेगी।

22. **निरसन और व्यावृत्ति.**—इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त सभी नियम, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं:

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई कोई भी कार्रवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्रवाई समझी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

अनुसूची-एक

(देखिये नियम 4 एवं 5)

सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)
सहायक वर्ग-I	1	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2800
शीघ्रलेखक वर्ग-तीन	1	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2800
सहायक वर्ग-दो	2	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2400
लेखापाल	1	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2400
डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	1	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 2200
स्टेनो टायपिस्ट	1	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 1900
सहायक वर्ग-तीन	4	तृतीय श्रेणी (लिपिकीय)	वेतन बैंड रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 1900

अनुसूची—दो
(देखिये नियम 6)

विभाग का नाम	सेवा/पद का नाम	कर्तव्य पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत		
			सीधी भर्ती द्वारा	सेवा के मूल सदस्यों की पदोन्नति द्वारा	अन्य सेवाओं से व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़ राज्य वाष्पयंत्र निरीक्षकालय तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा				
	सहायक वर्ग—एक	01	निरंक	100%	—
	शीघ्रलेखक वर्ग —तीन	01	100%	निरंक	—
	लेखापाल/ सहायक वर्ग—दो	03	निरंक	100%	—
	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	01	100%	निरंक	—
	सहायक वर्ग—तीन	04	75%	25%	—
	स्टेनो टायपिस्ट	01	100%	निरंक	—

टीपः— सहायक वर्ग—तीन के 25% पद उन विभागीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों से भरे जाएंगे, जिन्होंने हायर सेकेन्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हों और जो पॉच वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हों।

अनुसूची—तीन
(देखिये नियम 8)

विभाग का नाम	सेवा/पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हता	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़ राज्य वाष्पयंत्र निरीक्षकालय तृतीय श्रेणी (लिपिक वर्गीय) सेवा				
	शीघ्रलेखक वर्ग—तीन	18 वर्ष	30 वर्ष (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हेतु 35 वर्ष)	(1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से उच्चतर माध्यमिक या (10+2) उत्तीर्ण या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष उत्तीर्ण होना चाहिए। (2) किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था या शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन परिषद् से:— (क) हिन्दी शीघ्रलेखक के लिए हिन्दी शीघ्रलेखन तथा कम्प्यूटर में हिन्दी टाईप लेखन क्रमशः 100 शब्द प्रति मिनट तथा 30 शब्द प्रति मिनट की गति से उत्तीर्ण। (ख) अंग्रेजी शीघ्रलेखक के लिए अंग्रेजी शीघ्रलेखन तथा कम्प्यूटर में अंग्रेजी टाईप लेखन क्रमशः 100 शब्द प्रति मिनट तथा 35 शब्द प्रति मिनट की गति से उत्तीर्ण। (ग) द्विभाषी शीघ्रलेखक के लिये ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में यथाविनिर्दिष्ट हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं कम्प्यूटर में टाईप लेखन का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। (3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा डाटा एण्ट्री में 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति होनी चाहिए।	......

विभाग का नाम	सेवा का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	शैक्षणिक अर्हता	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	18 वर्ष	30 वर्ष (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हेतु 35 वर्ष)	(1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से 12 वीं (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये। अथवा 10 वीं बोर्ड परीक्षा एवं किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिये। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा तथा कम्प्यूटर में हिन्दी एवं अंग्रेजी में 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टे की गति होनी चाहिए ।	
	सहायक वर्ग–तीन	18 वर्ष	30 वर्ष (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हेतु 35 वर्ष)	(1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र होना चाहिए, तथा (3) हिन्दी कम्प्यूटर टायपिंग में 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टे की गति होनी चाहिये।	
	स्टेनो टायपिस्ट	18 वर्ष	30 वर्ष (छत्तीसगढ़ के मूल निवासी हेतु 35 वर्ष)	(1) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/विश्वविद्यालय से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) उत्तीर्ण या स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। (2) किसी मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था से 25 शब्द प्रति मिनट की गति के साथ कम्प्यूटर हिन्दी टाईप लेखन परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए साथ ही हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रति मिनट की गति, तथा (3) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाणपत्र उत्तीर्ण होना चाहिए तथा डाटा एण्ट्री का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टे की गति होनी चाहिए।	

अनुसूची–चार
(देखिये नियम 13 एवं 14)

विभाग का नाम	उस सेवा या पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है।	पदोन्नति हेतु सेवा की न्यूनतम अवधि	सेवा या पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है।	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्यों के नाम (देखिए नियम 14)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
वाणिज्य एवं उद्योग विभाग छत्तीसगढ़				अध्यक्ष– संचालक द्वारा इस निमित्त मनोनीत कोई अधिकारी सदस्य– मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र सदस्य–निरीक्षक वाष्पयंत्र
	सहायक वर्ग–दो /लेखापाल	5 वर्ष	सहायक वर्ग– I	
	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर	5 वर्ष	लेखापाल/ सहायक वर्ग–दो	
	सहायक वर्ग–तीन /स्टेनो टायपिस्ट	5 वर्ष	लेखापाल/ सहायक वर्ग–दो	
	चतुर्थ श्रेणी	5 वर्ष	सहायक वर्ग– तीन	

Raipur, the 17th August 2012

No. F 1-19/2009/11/6.— In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the constitution of India; the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following rules relating to the recruitment of Boiler Inspectorate Class-III (Ministerial) Service, namely :—

RULES

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Chhattisgarh State Boiler Inspectorate Class-III (Ministerial) Service Recruitment Rules, 2012.

   (2) These rules shall come into force with effect from the date of its publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.-** In these rules, unless the context otherwise requires,-

   (a) "Appointing Authority" in respect of the service means the Director of Industries or any officer subordinate to him to whom the powers of appointment to service or post have been, or may hereafter be, delegated by the Government;

   (b) "Examination" means the competitive examination for recruitment to the service to be held under Rule 11 of these rules;

   (c) "Government" means the Government of Chhattisgarh;

   (d) "Governor" means the Governor of Chhattisgarh;

   (e) "Selection Committee" means selection committee, constituted by the Appointing Authority for recruitment or promotion under these rule;

   (f) "State" means the State of Chhattisgarh;

   (g) "Schedule" means a Schedule appended to these Rules;

   (h) "Service" means Chhattisgarh State Boiler Inspectorate Class III (Ministerial) service;

   (i) "Ministerial" means the cadre where the duties are entirely clerical and of non-executive nature;

   (j) "Scheduled Caste" means the Scheduled Caste as specified in relation to this State under Article 341 of the Constitution of India;

   (k) "Scheduled Tribe" means the Scheduled Tribe as speficied in relation to this State under Article 342 of the constitution of India;

   (l) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizen as speficied by the State Government vide Notification under F-8-5-XXV-4-84, dated 26th December, 1984 as amended from time to time;

   (m) "Director" means the Director of Industries, Chhattisgarh;

   (n) "Chief Inspector" means the Chief Inspector of Boilers, Chhattisgarh;

(o) "Inspectorate" means the Boiler Inspectorate, Chhattisgarh;

(p) "Domicile" means a bonafide resident of Chhattisgarh as per directives issued from time to time by the General Administration Department.

3. **Scope and applications.-** Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Chhattisgarh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961, these rules apply to every member of the Service.

4. **Constitution of the Service.-** The Service shall consist of the following persons, namely:—

(i) Persons, who at the commencement of these rules are holding substantively or in an officiating capacity, the posts specified in Schedule-I;
(ii) Persons recruited to the Service before the commencement of these rules; and
(iii) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

